कार्यालय प्रधानाचार्य :: राजकीय मेडिकल कालेज :: जालौन (उरई)।

संख्या /अधि0–2/रा0मे0का0/2024 दिनांकः–02/08/2024

<u>विज्ञाप्ति सूचना</u>

एन0एम0सी0, नई दिल्ली के मानकों की पूर्ति एवं मेडिकल कॉलेज एवं सबद्ध चिकित्सालय को सुचारू रूप से संचालन हेतु शासन द्वारा आरक्षण के सम्बन्ध में 100 बिन्दु रोस्टर एवं शासनादेश संख्या–5/2019/4/1/2002/का–2/2019 टी0सी0 1 लखनऊ, दिनांक–13 अगस्त, 2019 विभिन्न विभागों में रिक्त एवं रिक्त हो रहें नॉन पी0जी0 जूनियर रेजीडेन्ट/ट्यूटर/डिमान्सट्रेटर के पदों को अस्थायी रूप से साक्षात्कार (वॉक इन इण्टरव्यू) के माध्यम से चयन की प्रक्रिया दिनांक–16 अगस्त, 2024 (शुक्रवार) को पूर्वान्ह 11:0 से अपरान्ह 01:00 बजे तक केन्द्रीय पुस्तकालय, राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन (उरई) में सम्पन्न की जायेगी, उक्त तिथि के पश्चात शेष रिक्त पदों को पूर्ण रूप से भरे जाने हेतु साक्षात्कार (वॉक इन इण्टरव्यू) शासकीय एवं अन्य अवकाशों को छोड़कर सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को उक्त समय व स्थान पर सम्पन्न होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता (एम0बी0बी0एस0 समस्त प्रोफ, हाईस्कूल की मार्कशीट, प्रोविजनल डिग्री/परमानेंट डिग्री, यू0पी0 स्टेट काउन्सिल स्थायी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र, अटेम्प्ट सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट), 02 पासपोर्ट साइज फोटो, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड तथा एक प्रति शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित उपस्थित हों। चयन के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा। यदि अभ्यर्थी अन्य किसी संस्था में वर्तमान में कार्यरत है तो उस संस्था का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी अनिवार्य रूप से साथ लाना आवश्यक होगा, यदि चयन के उपरान्त किसी अभ्यर्थी के किसी संस्था में कार्यरत होने की सूचना प्राप्त होती है तो सम्बन्धित अभ्यर्थी को प्राप्त होने वाले वेतन व अन्य की वसूली की जायेगी एवं सेवाये तत्काल समाप्त कर दी जायेगी।

नोट–1. अभ्यर्थन एन0एम0सी0 मानकों के अनुसार ही मान्य होगा तथा साक्षात्कार में उपरोक्त अभिलेख प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी ही अर्ह होगें।

2. अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता एवं अन्य भत्ते देय नहीं होगें।
3. चयनित अभ्यर्थी को आवश्यकतानुसार किसी भी विभाग में स्थानान्तरित किया जा सकता है।
4. राजकीय मेडिकल कालेज, जालौन में 03 वर्ष पूर्ण कर चुके जूनियर रेजीडेन्ट/ट्यूटर/डिमान्सट्रेटर आवेदन करने हेतु अर्ह नहीं होगें।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज,
जालौन (उरई)।

संख्या 1561 /तद्दिनांक...............

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञाप्ति सूचना को महानिदेशालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।

2– **समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, कानपुर/ प्रयागराज/ झाँसी/गोरखपुर / अम्बेडकरनगर/कन्नौज/मेरठ/आगरा/बॉदा/आजमगढ़/बदायूँ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त नोटिस को अपने चिकित्सा महाविद्याालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने की कृपा करें।**

3– चयन समिति/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/समस्त विभागाध्यक्ष,राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन (उरई)।

4– नोडल अधिकारी (बेवसाइट), राजकीय मेडिकल कॉलेज, जालौन (उरई) को कॉलेज बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज,
जालौन (उरई)।